प्रस्ताव **3** जल आपूर्ति और गुणवत्ता, वॉटरशेड, मछली, वन्यजीव, जल परिवहन, और भूजल निरंतरता और भंडारण के लिए परियोजनाओं को वित्तपोषित करने हेतु बांड को अधिकृत करता है। पहल कानून।

## ★ प्रस्ताव 3 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 3 निम्न कार्य करते हुए सुरक्षित, विश्वसनीय और साफ जल प्राप्त करने की California की अत्यावश्यक, नाजुक ज़रूरत को पूरा करता है

- लंबी अवधि के सूखे की तैयारी में सुधार करते हुए
- लाखों California वासियों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करते हुए, जिनमें वंचित समुदाय भी शामिल हैं
- हमारे द्वारा एकत्र करने और उपयोग करने योग्य चट्टानों से बहने वाले जल में वृद्धि करते हुए
- हमारी खाद्य फसलों को सींचने वाली मौजूदा नहरों की मरम्मत करते हुए
- लोगों को सुरक्षित रखने और अधिक जल को बांध कर रखने के लिए Oroville और अन्य बांधों की मरम्मत करते हुए
- भूजल, नदियों, झीलों, और नालों में पानी की गुणवत्ता को सुधारते हुए
- उद्योग और भूनिर्माण के लिए विशुद्ध पुनर्चक्रित जल का उपयोग करते हुए

हमें जल संरक्षण, पुनर्चकरण, नहरों, पाइपलाइनों और जल भंडारण सुविधाओं में निरंतर निवेश करते हुए हमारे राज्य की आगामी जल आपूर्ति को सुरक्षित करना होगा।

"California को अगले निश्चित सूखे और बाढ़ के लिए आवश्यक रूप से तैयार रहना होगा, जो जलवायु परिवर्तन के कारण और बिगड़ जाएगा। प्रस्ताव 3 California को जल आपूर्ति, जल की गुणवत्ता, और बाढ़ में परिवर्तनों के लिए तैयार करता है। यह जल संरक्षण और पुनर्चकरण में निवेश करता है।"—*Betty Andrews, जल संसाधन इंजीनियर*

"प्रस्ताव 3 हमारे महासागर, झीलों, नदियों, और नालों के जल की गुणवत्ता में सुधार करेगा, और California की मछलियों, पक्षियों, और वन्यजीवन के लिए प्राकृतिक आवास की सुरक्षा करेगा।"—*प्रोफेसर Peter Moyle, जीवविज्ञानी*

"एक प्राकृतिक आपदा हमारी जल आपूर्ति को जोखिम में डाल देगी। हमारी जल आपूर्ति सुविधाओं में सुधार करते हुए, प्रस्ताव 3 California वासियों को भूकंपों, अग्निकाण्ड, बाढ़, और भूस्खलन से सुरक्षित करेगा। यह कई लाभ भी प्रदान करेगा, जिनमें मछलियों और वन्यजीवन के लिए आवास, फार्म, शहर, और मनोरंजन शामिल हैं।"—*David Guy, उत्तरी कैलिफोर्निया जल संगठन*

"California को एक विश्वसनीय जल आपूर्ति और बेहतर जल गुणवत्ता के लिए आवश्यक रूप से सभी जल संसाधनों का उपयोग करना होगा।"—*Charley Wilson, दक्षिणी कैलिफोर्निया जल गठबंधन*

"प्रस्ताव 3 हमारी नदियों, झीलों, खाड़ियों, और महासागरों के जल की गुणवत्ता में सुधार करेगा।"—*David Lewis, Save The Bay*

"हमें आवश्यक रूप से आपदा जल को एकत्र करना होगा और जल आपूर्ति के लिए इसका उपयोग करना होगा, और कचरे को निदियों और महासागर में फेंके जाने से रोकना होगा।"—*Juliana Gonzalez, Ph.D., जल संसाधन आयोजक*

"वॉटरशेड्स की सुरक्षा करने और इन्हें बहाल करने से जल की आपूर्ति और गुणवत्ता में सुधार होता है।"—*Esther Feldman, Community Conservation Solutions*

"बाढ़ और अपक्षरण से होने वाली क्षति में कमी आएगी, जबकि नालों और नदियों में हरी-भरी जगहों और पगडंडियों से सुधार लाया जाएगा।"—*Ann Riley, Ph.D., जल संसाधन आयोजक*

"यह विधेयक हमारी स्थानीय खाद्य आपूर्ति की सुरक्षा करने में सहायता करेगा ताकि हम ताज़े फलों, चावल, दूध, और अन्य स्थानीय स्तर पर उगाए जाने वाले फार्म उत्पादों का आनंद लेना जारी रख सकें।"—*Carol Chandler,* आड़ू उत्पादक

"प्रस्ताव 3 हमारे वॉटरशेड्स की गुणवत्ता में सुधार करेगा, जिससे विनाशकारी अग्निकाण्ड से बचने में, और पूर्व अग्निकाण्डों से बहाल होने में सहायता मिलेगी।"—*Barbara Balen, माउंटेन काउंटीज़ जल संसाधन संघ*

"California का पर्यावरण और अर्थव्यवस्था साफ और विश्वसनीय जल आपूर्ति पर निर्भर करता है। इसीलिएपर्यावरण और कारोबार से संबंधित संस्थाएं जैसे कि कैलिफोर्निया चैंबर ऑफ कॉमर्स, खाड़ी क्षेत्र परिषद, Ducks Unlimited, Silicon Valley Leadership Group, Natural Heritage Institute, और Valley Industry and Commerce Association प्रस्ताव 3 का समर्थन करतीं है।"—*Alan Zaremberg, कैलिफोर्निया चैंबर ऑफ कॉमर्स*

"California का वन्यजीवन और समुदाय विश्वसनीय साफ जल पर निर्भर करते हैं। प्रस्ताव 3 दूषित जल स्रोतों को साफ करते हुए, जंगलों और वॉटरशेड्स को बहाल करते हुए, और मत्स्य पालन और जलजन्तु आवास में सुधार करते हुए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराता है और लंबी-अवधि के सूखे से राहत दिलाता है।"—*Collin O'Mara, राष्ट्रीय वन्यजीव संघ*

स्थानीय जल जिले प्रस्ताव 3 का समर्थन करते हैं क्योंकि यह सुरक्षित, विश्वसनीय और साफ पेयजल उपलब्ध कराता है।

प्रस्ताव 3 के लिए हाँ!

**DYAN WHYTE,** पानी गुणवत्ता वैज्ञानिक

**JANET SANTOS COBB**
कैलिफोर्निया वन्यजीव संघ

**ROBERTO RAMIREZ,** जल संसाधन इंजीनियर

## ★ प्रस्ताव 3 के पक्ष में तर्क के लिए खंडन ★

प्रस्तावकर्ताओं के तर्क के अनुसार "सुरक्षित, विश्वसनीय और साफ जल की आपूर्ति को निश्चित करें"। लेकिन कई प्रस्तावों पर लगाया गया पैसा जल की एक भी नई बूंद उत्पन्न नहीं करेगा।

नया जल आसमान से गिरता है—समतल निचली भूमि पर बारिश और चट्टानों पर बर्फ। बारिश और पिघली हुई बर्फ को एकत्र करने का एकमात्र ढंग है हमारी मुख्य नदियों पर उचित ढंग से लगाए गए बांध। प्रस्ताव 3 एक भी बांध के लिए निधि प्रदान नहीं करता।

केवल यही नहीं, लेकिन बांध धीरे-धीरे कीचड़ (पत्थरों और धूल) से भर जाते हैं। समय के साथ, वो कम जल का भंडारण करने के योग्य रह जाते हैं, टूट जाने पर खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं, और कीचड़ को हटाने के लिए समय और धन की मांग करते हैं। कुछ पुराने बांध इन कारणों की वजह से बंद कर दिए गए हैं। प्रस्ताव 3 एक—केवल एक बांध से कीचड़ हटाने के लिए धन प्रदान करता है। इस विधेयक के दूसरे अनुभाग कीचड़ को हटाने के लिए निधि प्रदान करने को विशेष रूप से वर्जित करते हैं—ऐसे प्रतिबंध जो अर्थहीन हैं यदि हमजल का भंडारण करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रस्ताव 3 California की मुख्य समस्याओं में से एक का समाधान करने का दावा करता है—हमारा दीर्घकालिक जल का अभाव। देखिए कहीं भरम में न पड़ जाएं। इस विधेयक का कोई भी अंश इस समस्या का समाधान नहीं करेगा। यह मूल रूप से विशेष रूचियों के लिए बहुत सारा धन एकत्र करने की एक तरकीब है।

हम, हमारे बच्चे, हमारे पोते-पोतियां इस के लिए भुगतान करेंगे।

**JANET S. ROBERTS,** अध्यक्षा
Central Solano नागरिक/कर समूह

**ROBERT D. JARVIS,** उपाध्यक्ष
Central Solano नागरिक/कर समूह

**MURRAY T. BASS,** सदस्य
Central Solano नागरिक/कर समूह



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है।*

## ★ प्रस्ताव 3 के विरुद्ध तर्क ★

*क्या प्रस्ताव 3 परिचित सा प्रतीत होता है?* ऐसा होना चाहिए।

हमने जून मतपत्र पर समान शब्दों वाला एक जल-संबंधित विधेयक देखा था। वास्तव में, 1996 से, आठ राज्यव्यापी बांड विधेयक रहें हैं जिन्होंने जल संबंधित विवादों की ओर धन समर्पित किया है। अब तक कुल धनराशि 29 बिलियन डॉलर से अधिक है!

*हमारे पास इस सभी धन के बदले दिखाने के लिए क्या है?* एक भी चीज़ नहीं जिससे हमें अधिक जल मिले।

California मूल रूप से एक रेगिस्तान है। यदि बांध बारिश के जल और चट्टानों से पिघली बर्फ को एकत्र ना करते, तो Central Valley में विस्तृत खेती का अस्तित्व ना होता। हमारे शहरों में मौजूदा जनसंख्या का कुछ भाग ही होता।

दशकों-लंबे सूखे की बजाय, उस $29 बिलियन का एक भी पैसा नए बांध के निर्माण में निवेश नहीं किया गया। पिछले वर्ष उत्तरी California के Oroville बाँध पर लगभग हुई विनाशकारी खराबी ने दिखा दिया कि राज्य अपने मौजूदा बांधों का भी ध्यान नहींरखता।

California को मिलने वाले बहुमूल्य अवक्षेपण की तुलना में अधिक अवक्षेपण को एकत्र और इसका भंडारण करने वाली परियोजनाओं के बजाय, अधिकारी विशेष रूचियों को बढ़ावा देते हैं और पार्कों, हाइकिंग रास्तों, वन्यजीवन पर मिलियन डॉलर खर्च करते हैं—जैसे Sacramento नदी में छोटी चारा-मछली—और कई ऐसी चीज़े जिनका राज्य के जल अभाव से कुछ लेना-देना नहीं है। हमारी नदियों का आधा जल प्रशांत महासागर में चला जाता है।

राजनेताओं ने सिद्ध करने का प्रयत्न किया कि वो जल संरक्षण के प्रति गंभीर हैं; उन्होंने शहरों द्वारा जल का अपव्यय करने वाले हम लोगों पर सख्त होने की मांग करता हुआ एक कानून पारित किया। 2020 के अंत तक, हम घरेलू आवास उपयोग के लिए प्रति दिन प्रति व्यक्ति 55 गैलन पर सीमित रह जाएंगे। और यह सुनिश्चित करने के लिए हमें यह बात समझ आ गई है, कि 2030 में यह मात्रा 50 गैलन रह जाएगी। हमारे पेड़ों और भूनिर्माण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

यदि आपके यार्ड में हरियाली नहीं है और आप को महसूस होता है कि यह समस्या आप को प्रभावित नहीं करती है, तो San Joaquin घाटी में I-5 पर गाड़ी चला कर देखें। आप खाली भूमि के बहुत बड़े क्षेत्र देखेंगे जहाँ किसानों के पास अपने पेड़ों और फसलों को सजीव रखने के लिए जल नहीं है। देश के एक बड़े भाग को खाना प्रदान करने वाले फार्म राजनीति द्वारा संचालित नीतियों और दूरदर्शिता की कमी के शिकार हैं।

*प्रस्ताव 3 के प्रस्तावकर्ता $8.9 बिलियन को कैसे खर्च करना चाहते हैं?* लगभग पहले जैसे।

आप विवरण पढ़ सकते हैं; लेकिन ध्यान दें—दुबारा—नए बांध के लिए एक भी पैसा निर्धारित नहीं किया गया है। $4 बिलियन से थोड़े से अधिक—लगभग आधे—"वंचित समुदायों" को जा रहे हैं, बिना किसी स्पष्टीकरण के कि वो कौन हैं और कहाँ हैं।

आईये हम महत्वपूर्ण बात पर निगाह डालें। *यह हमें कितना महंगा पड़ेगा?* नम्बरों की गणना करने वाले अनुमान लगाते हैं कि इन बांडों पर ब्याज ऋणदाताओं को अदा की जाने वाली कुल धनराशि का लगभग दुगुना हो जाएगा। दूसरे शब्दों में, $8.9 बिलियन डॉलर की "ऋण"अदायगी राज्य—को यानि हम करदाताओं—को लगभग $17.3 बिलियन की पड़ेगी। यह 40 वर्षों के लिए प्रति वर्ष औसतन लगभग $433 मिलियन बनती है। इसका मतलब है और कर लागू किये होंगे!

*क्या हम राजनेताओं को अन्य $9 बिलियन डॉलर वही कार्य करने के लिए देना चाहते हैं जिनसे हमें पानी की एक बूंद नहीं मिली है? और वो भी हमारी जेब से आने वाला पैसा?*

इसके बारे में सोचें। प्रस्ताव 3 के लिए ना!

**JANET S. ROBERTS,** अध्यक्षा
Central Solano Citizen/Taxpayer Group

**ROBERT D. JARVIS,** उपाध्यक्ष
Central Solano Citizen/Taxpayer Group

**MURRAY T. BASS,** सदस्य
Central Solano नागरिक/कर समूह

## ★ प्रस्ताव 3 के विरुद्ध तर्क के लिए खंडन ★

"प्रस्ताव 3 साफ, सुरक्षित पेयजल के लिए निधि प्रदान करने द्वारा वंचित समुदायों की सुरक्षा करता है। प्रस्ताव 3 हमें प्रत्येक California वासी के जल की प्राप्ति के मूल मानव अधिकार को निश्चित करने के और करीब ले जाता है।"— *Susana de Anda, Community Water Center*

बांड स्कूलों, अस्पतालों, और साफ जल को उसी तरह वित्तपोषित करते हैं जैसे हम घर खरीदने के लिए गिरवी रखने की क्रिया का उपयोग करते हैं। California की बांड रेटिंग्ज़ लंबे समय से मज़बूत हैं। यह निवेश करने के लिए अच्छा समय है।

प्रस्ताव 3 Oroville बाँध की मरम्मत करेगा।

"हमारे पहाड़ी और शहरी वॉटरशेड्स को बहाल करना उनकी जल भंडारण क्षमता, और उनके द्वारा उत्पन्न किए जल की गुणवत्ता में सुधार करेगा। यह आपदा जल को एकत्र करने का एक मुख्य ढंग है जो अन्यथा फिज़ूल चला जाएगा। ग्रामीण काउंटी निवासियों से लेकर शहरी निवासियों तक सभी को लाभ प्राप्त होगा।"—*Cindy Montanez, TreePeople*

"California के कृषिक उपहार जिनमें हमारे ताज़े फल और सब्ज़ियां, दूध, अंगूरी शराब और सैंकड़ों अन्य फसलें शामिल हैं, एक विश्वसनीय और संतुलित सतही और भूजल आपूर्ति पर निर्भर करते हैं। प्रस्ताव 3 पर्यावरण की सुरक्षा करने के साथ-साथ उस आपूर्ति को पूरा करेगा।"—*Joy Sterling, Iron Horse Vineyards*

प्रस्ताव 3, 3 मिलियन परिवारों, पारिवारिक सदस्यों, और California की मछलियों और वन्यजीवन के लिए पर्याप्त जल प्रदान करता है।

जलवायु परिवर्तन अगले निश्चित सूखे को और भी बिगाड़ देगा। प्रस्ताव 3 कर बढ़ाए बिना California को सूखे के लिए तैयार करता है।

"प्रस्ताव 3 अत्यावश्यक जल परियोजनाओं का विकास और संचालन करने द्वारा समस्त California में अच्छे रोज़गार अवसर उत्पन्न करता है।"—*Bill Whitney, Contra Costa राज्य भवन और निर्माण व्यापार परिषद*

प्रस्ताव 3 वॉटरशेड्स को बहाल करता है और आग के जोखिमों को कम करता है।

"हमें इस बात की जानकारी है कि California में सूखे की कितनी संभावना है। बांड हमारी जल आपूर्ति की सुरक्षा करने और वन्यजीवन आवास को बहाल करने के लिए सावधानीपूर्वक निवेश करता है।"—*Senator Dianne Feinstein*

प्रस्ताव 3 के लिए हाँ!

**PHIL ANGELIDES,** California राज्य के पूर्व खजांची
**HOWARD PENN**
Planning and Conservation League
**JEANNE PINCHA-TULLEY,** फायर चीफ